कार्यालयः गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर।

पत्रांक: 2596 /वादअनु0/गो0वि0प्रा0/2022, दिनांक 10/10/2022

सेवा में,

श्री विकास केजरीवाल,
पार्टनर एस्प्रा लाईफ स्पेसेज,
बलदेव प्लाजा, गोलघर,
गोरखपुर।

महोदय,

कृपया आपके प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र दिनांक 29.09.2022 एंव दिनांक 10.10.2022 का सन्दर्भ लें। उक्त पत्र के माध्यम से यह अनुरोध किया गया है, कि आप द्वारा गोरखपुर विकास प्राधिकरण से पॉम एम्पोरियो नाम से मानचित्र स्वीकृत कराया गया है, जिसका परमिट नं0–शॉपिग माल/01016/GKDA/BP/21-22/0178/17062021 है। उक्त मानचित्र में एस्प्रा लाइफ स्पेसेज का नाम त्रुटिवश नहीं लिखा गया है। प्रार्थी को उक्त शॉपिंग माल का रेरा में रजिस्ट्रेशन कराना है, रेरा द्वारा प्रार्थी को इस आशय का पत्र भेजा गया है, कि मानचित्र में एस्प्रा लाइफ का नाम दर्ज नही है। उक्त पत्र के माध्यम से यह भी अवगत कराया गया है, कि आप द्वारा समस्त अनापत्ति एंव भू–प्रयोग परिवर्तन आदि का कार्य एस्प्रा लाइफ स्पेसेज के नाम से प्राप्त किया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न किया गया है। वर्तमान में अभी स्थल पर पाईलिंग का कार्य चल रहा है, भवष्यि में मैप को शमन कराये जाने पर इसे शुद्धिकरण करा लिया जायेगा। इस सम्बन्ध में आप द्वारा उपरोक्त अनुरोध के कम में अभिलेखों की जॉच करायी गयी, तथा यह पाया गया कि आपको भू–प्रयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत किये गये अनापत्ति एंव इसके अतिरिक्त अन्य पत्राचार में एस्प्रा लाइफ स्पेसेज का नाम दर्ज किया गया है, ऐसा प्रतीत होता है, कि आप द्वारा उपरोक्त मानचित्र को स्वीकृत कराते समय उक्त नाम को त्रुटिवश छोड़ दिया गया है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में किये गये अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुए ऑन लाइन मैप में छूटे हुए एस्प्रा लाइफ स्पेसेज नाम मानकर दर्ज करा लिया जाये, भवष्यि में मानचित्र शमन कराने पर उक्त नाम को संशोधित कर लिया जाये, जिसपर प्राधिकरण को किसी प्रकार की आपत्ति नही होगी।

10/10/22

सचिव,
गोरखपुर विकास प्राधिकरण,
गोरखपुर।